# दिल्ली की सैर

## Delhi Ki Sair

---

प्रस्तावना- हमारे देश भारत की राजधानी दिल्ली है। यह दो भागों में बटी हुई है, एक पुरानी दिल्ली तथा दूसरी नई दिल्ली । भारत की स्वतन्त्रता के बाद दिल्ली बहुत विस्तृत हो रही है । यहां अनेक दर्शनीय स्थल हैं जिन्हें देखने के लिए भारत से ही नहीं वरन् विश्व के कोने-कोने से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं तथा आनन्दित होते हैं।

दर्शनीय स्थल- पुरानी दिल्ली में अनेक दर्शनीय स्थल हैं जिनमें लाल किला, जामा मस्जिद, गौरी शंकर मन्दिर, लाल जैन मन्दिर, चाॅॅंदनी चैक तथा गुरुद्वारा सीसगंज प्रमुख हैं। लाल किला लाल पत्थरों से बना हुआ हैं। इसे शाहजहां ने बनवाया था। लालकिले पर प्रतिवर्ष गणतन्त्र दिवस एवं स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाता हैं।

जामा मस्जिद मुस्लमानों का पवित्र स्थल है। ईद के मौके पर यहां मुस्लमान भाई काफी संख्या में नमाज अदा करते हैं। लालकिले से कुछ दूरी पर सिक्खों का पवित्र स्थान गुरूद्वारा सीसगंज है।

यहीं से दुनिया भर में प्रसिद्व चाँदनी चैक का बाजार आरम्भ होता है जहां स्वादिष्ट परांठे, चिकन कबाब, मिठाई आदि की दुकानें हैं। दर्शनीय बाजार होने के साथ-साथ यह कपडो़ के थोक व्यापार का प्रमुख केन्द्र भी है।

महत्वपूर्ण स्थल- नई दिल्ली में भी अनेक दर्शनीय स्थल हैं जिनमें राजघाट , शान्तिभवन, विजयघाट, चिड़ियाघर, कुतुबमीनार, संसद भवन, बिड़ला मन्दिर, राष्ट्रपति भवन, शक्ति स्थल तथा जन्तर-मन्तर आदि प्रमुख हैं।

राजघाट राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की, शान्तिवन शान्ति के दूत श्री जवाहर लाल नेहरू जी की, विजय घाट लाल बहादुर शास्त्री की, शक्ति स्थल श्रीमती इन्दिरा गाँधी जी की समाधियां हैं।

चिड़ियाघर में अनेक प्रकार के पशु-पक्षी हैं जिनको देखकर बच्चे बहुत खुश होते हैं। कुतुबमीनार बहुत ऊंची मीनार के साथ-साथ एक लौह स्तम्भ भी है। विक्रमादित्य ने बनवाया था। इसकी पुमुख विशेषता यह है कि सैकड़ोें वर्ष बीताने के बाद भी इस पर धुप, हवा पानी का कोई प्रमुख नहीं पड़ा ।

ससंद भवन-ससंद भवन में देश के कानून बनाए जाते हैं। राष्ट्रपति भवन देश के राष्ट्रपति का निवास है। इसका मुगल उद्यान बहुत सुन्दर है। बिड़ला मन्दिर हिन्दुओं का पवित्र एवं धार्मिक स्थल हैं।

उपसंहार – इनके अलावा इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम, कनाट प्लेस का पालिका बाजार तथा नेहरू स्टेडियम भी दर्शनीय स्थलों के अन्तर्गत ही आते हैं।

इन दर्शनीय स्थानों को देखकर पर्यटक बहुत आनन्दित होते हैं।